सार-समाचार

काव्य कलश की मासिक काव्य गोष्ठी हुई

जोधपुर, (कासं)। साहित्य के उन्नयन को समर्पित संस्था काव्य-कलश की मासिक काव्य गोष्ठी संस्था के पावटा स्थित कार्यालय में जाने-माने कवि, साहित्यकार व आकाशवाणी बीकानेर के पूर्व वरिष्ठ उदघोषक प्रमोद कुमार शर्मा की अध्यक्षता एवं प्रसिद्ध गीतकार दिनेश सिंदल के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। लगभग ढाई घंटे तक अनवरत चली गोष्ठी में नगर के उन्नीस उदीयमान एवं वरिष्ठ कवियों, कवियत्रियों एवं शायरों ने पूरे जोशो-खरोश से बढ़-चढ़कर भाग लिया। संस्था के उपाध्यक्ष अशफ़ाक अहमद फौजदार ने अतिथियों व आगंतुक कविजनों का स्वागत-सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन राजेन्द्र खींवसरा ने किया। संस्था सचिव श्याम गुप्ता 'शान्त' ने कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथि कवि प्रमोद कुमार शर्मा के कृतित्व और उनकी उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। प्रमोद शर्मा के अभिन्न मित्र व कवि राजेश मोहता ने प्रमोद शर्मा के आरंभिक जीवन के संघर्ष और निजी प्रसंगों को विस्तार से बताया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण दिनेश सिंदल की रहीं। कार्यक्रम में अशफाक अहमद फौजदार, एडवोकेट एन.डी. निंबावत, दीपा परिहार, पर्यावरणविद प्रदीप शर्मा, डॉ. विपिन बिहारी गोयल, राजेश मोहता, पत्रकार व लेखक मिश्रीलाल पंवार, डॉ. तृप्ति गोस्वामी 'काव्यांशी', पंकज 'बिंदास', हंसराज 'हंसा', डॉ. नीलम व्यास 'स्वयंसिद्धा, डी.के.पुरोहित, जुगल किशोर सारस्वत, ममता गहलोत, नन्दलाल भाटी व हिमांशु लोहाटी ने दिलकश रचनाओं से फिजाओं में इंद्रधनुषी रंग भर दिया।

विद्धकर्म कार्यशाला का पोस्टर जारी

जोधपुर, (कासं)। विश्व आयुर्वेद परिषद राजस्थान के चिकित्सक प्रकोष्ठ, जोधपुर द्वारा 22 फरवरी रविवार को आयोजित की जा रही विद्धकर्म विषयक एक दिवसीय कार्यशाला के पोस्टर का विमोचन. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलगुरु प्रोफ़ेसर वैद्य डॉ गोविंद सहाय शुक्ल के सानिध्य में किया गया। इस अवसर पर कुलगुरु प्रोफेसर शुक्ल ने कहा कि आयुर्वेद की प्राचीन एवं प्रभावी चिकित्सा पद्धितयों को आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ प्रस्तुत करना समय की आवश्यकता है। विद्धकर्म जैसी विशिष्ट चिकित्सा विधा पर इस प्रकार की कार्यशालाएँ आयुर्वेद चिकित्सकों के कौशल-विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। विश्व आयुर्वेद परिषद चिकित्सा प्रकोष्ठ, जोधपुर के जिला संयोजक डॉ. अभिषेक दाधीच ने बताया कि यह कार्यशाला आयुर्वेद चिकित्सकों, शिक्षकों, पीजी एवं पीएचडी शोधार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। कार्यक्रम में विश्व आयुर्वेद परिषद राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ. राजाराम अठावाल, प्रोफेसर गोविंद प्रसाद गुप्ता, डॉ. मनीषा, डॉ. ब्रह्मानंद, डॉ. चंद्रभान , डॉ. राजीव सोनी सहित अनेक वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला का आयोजन जोधपुर में किया जाएगा, जिसमें विद्धकर्म के व्यावहारिक एवं सैद्धांतिक पहलुओं पर विशेषज्ञों द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

ईंट भट्ठा क्षेत्रों में विशेष टीकाकरण

जालोर, (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले की कच्ची बस्तियों एवं ईंट भट्ठा क्षेत्रों में विशेष टीकाकरण अभियान चलाकर से 16 वर्ष आयु वर्ग के जीरो डोज एवं टीकाकरण से वंचित बच्चों को जीवनरक्षक टीके लगाए गए। साथ ही गर्भवती महिलाओं को भी आवश्यक टीकाकरण सेवाएं प्रदान की गईं। इस दौरान लाभार्थियों को टीकाकरण के फायदे बताकर जागरूक किया गया। खंड मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रघुनंदन बिश्नोई के निर्देशन में बुधवार को सायला ब्लॉक के बालवाडा ईंट भट्टों पर विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए। अभियान के तहत 0 से 16 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को चिन्हित कर टीकाकरण किया गया तथा आयरन सिरप भी पिलाया गया। पीएससी इंचार्ज डॉ. देवेंद्र कुमार आहरी ने बताया कि अभियान के दौरान बीसीजी-3, पेंटा-9, एमआर-13, टीडी5-4, टीडी10-2, टीडी-16-3, आयरन सिरप-26, विटामिन ए-20 बच्चों को दिया गया। इसके साथ ही ईंट भट्टों पर कार्यरत प्रवासी परिवारों की टीकाकरण से वंचित 2 गर्भवती महिलाओं को भी टीके लगाए गए।टीकाकरण सत्र के दौरान बच्चों एवं महिलाओं को ओआरएस, जिंक, आयरन व कैल्शियम की गोलियां भी वितरित की गईं। साथ ही लाभार्थियों को नियमित टीकाकरण कराने हेतु प्रेरित करते हुए टीकाकरण के महत्व एवं लाभों की जानकारी दी गई। एएनएम निर्मला शारदा एवं ललिता कंप्यूटर ऑपरेटर ने सक्रिय भूमिका निभाई।

लीलोरा गांव में नाम जुडवाने का विवाद

रेवदर, (निसं)। रेवदर क्षेत्र के ग्राम लिलोरा में मतदाता सूची राजस्व रिकॉर्ड भाग संख्या 125 में नाम जुडवाने को लेकर विवाद खडा हो गया है। ग्रामीणों ने बाहरी ग्राम के एक व्यक्ति द्वारा कथित रूप से गलत तथ्य प्रस्तुत कर लिलोरा गांव का निवासी दर्शाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों द्वारा उपखण्ड अधिकारी राजन लोहिया रेवदर को दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम थल निवासी सुल्तान सिंह पुत्र मदन सिंह राजपूत लिलोरा गांव में अपना नाम जुडवाने का प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि संबंधित व्यक्ति मूल रूप से थल गांव का निवासी है, लेकिन यहां शराब ठेके के स्थान को अपना निवास बताकर रिकॉर्ड में नाम दर्ज करवाने की कोशिश कर रहा है, जो नियमानुसार गलत है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि पूरा गांव इस मामले का विरोध कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि गलत तथ्यों के आधार पर नाम जोडा गया तो वे उपखण्ड मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर वास्तविक निवास की पुष्टि की जाए और नियम विरुद्ध नाम जोडने की प्रक्रिया रोकी जाए। भरत कुमार, कैलाश कुमार, प्रेमाराम, चन्दुलाल, सुरेश कुमार, चेतन कुमार, शंकरलाल, जयन्ती लाल, चेतन आदि मौजूद रहे।

पेयजल संकट पर फूटा गुस्सा

रेवदर, (निसं)। पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा सडक पर उतर आया। सिरोडी ग्राम पंचायत क्षेत्र के ग्रामीणों ने बुधवार को कांडला हाइवे जाम कर प्रदर्शन किया। महिलाएं खाली मटके लेकर हाइवे पर बैठ गईं और सरकार व प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर अपनी नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना था कि लंबे समय से पेयजल आपूर्ति बाधित है, जिससे आमजन को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा है। कई बार शिकायत करने के बावजूद समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों ने यह कदम उठाया। हाइवे जाम की सूचना मिलते ही अनादरा पुलिस मौके पर पहुंची। सीओ मनोज गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस जाब्ता भी पहुंचा और ग्रामीणों से समझाइश शुरू की। पुलिस व प्रशासन की समझाइश के बाद हाइवे यातायात के लिए सुचारू करवाया गया। इसके बाद ग्रामीण ग्राम पंचायत परिसर में एकत्र हुए और वहां भी प्रदर्शन जारी रखा। इस दौरान जलदाय विभाग के एईएन गोविंद लाल मीणा मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की। ग्रामीणों ने मांग रखी कि पेयजल आपूर्ति तुरंत सुचारू की जाए तथा जलदाय विभाग के कार्मिक दलपत सिंह और छोगाराम मेघवाल की जगह अन्य कर्मचारियों को लगाया जाए। अधिकारियों द्वारा दो दिन में व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन समाप्त किया। एसआई चुन्नीलाल, एएसआई ताराराम, पटवारी रवेचीदान, शैतान सिंह आदि उपस्थित रहे।

खुशवंत का सहायक आचार्य में चयन

जैसलमेर, (नि.सं.)। शहर के मैनपुरा निवासी खुशवंतसिंह भाटी का 54 वीं रैंक हासिल कर सहायक आचार्य में चयन हुआ है। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा 2023 में रामगढ़ निवासी खुशवंतसिंह भाटी पुत्र कमलसिंह भाटी वर्तमान निवासी मैनपुरा जैसलमेर का भूगोल विषय में चयन हुआ है। वर्तमान में खुशवंत महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर से अपनी पीएचडी कर रहे हैं।

कार्यालय ग्राम पंचायत देसू, पं. स. जालोर जिला जालोर

क्रमांक / ग्रापं / 2025-26/34 दिनांक : 04/02/2026

निविदा सूचना संख्या 3/2025-26

ग्राम पंचायत देसू द्वारा कुल 2 कार्यों हेतु राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के नियमों के तहत पंचायती राज विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जल संसाधान विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं राज्य सरकार के अधिकृत संगठनों में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन भरी जावेगी। निविदा के सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in एवं ग्राम पंचायत नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

NIB No.: ZJR2526A0739

UBN No.: ZJR2526W SOB01186 to 01187

प्रशासक ग्राम पंचायत देसू पंचायत समिति, जालोर

ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत देसू पंचायत समिति, जालोर

पंचायत चुनाव के लिए प्रभारी व सहायक प्रभारी अधिकारी नियुक्त

जालोर, (का.सं.)। जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने पंचायत आम चुनाव, 2026 (ग्राम पंचायत/पंचायत समिति/जिला परिषद सदस्य, प्रमुख/उप प्रमुख, प्रधान/ उप प्रधान चुनाव) को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाये जाने के लिए विभिन्न अनुभागों का गठन कर प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों की नियुक्ति की हैं जो कि विभिन्न कार्यो को अंजाम देंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत)डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बताया कि राज्य निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार जिले में पंचायत आम चुनाव, 2026 को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए विभिन्न अनुभागों का गठन किया जाकर प्रभारी व सहायक प्रभारी अधिकारियों को नियुक्त किया गया है। जिसके तहत अतिरिक्त जिला कलैक्टर (उप जिला निर्वाचन अधिकारी) को पंचायत चुनाव समन्वय एवं नियंत्रण अनुभाग का प्रभारी बनाया गया है तथा पंचायतीराज मतदान व्यवस्था के लिए संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी को प्रभारी अधिकारी व संबंधित सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी को सहायक पदाधिकारी बनाया गया हैं। वही जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को चुनाव नियुक्ति एवं प्रशिक्षण अनुभाग का प्रभारी अधिकारी (मतदान दल गठन) व राउमावि देबावास के प्राचार्य कैलाश परिहार को सहायक प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। इसी भांति चुनाव यातायात अनुभाग में उपखण्ड मजिस्ट्रेट जालोर को प्रभारी अधिकारी एवं जिला परिवहन अधिकारी जालोर व भीनमाल को सहायक प्रभारी बनाया गया हैं। मतपत्र अनुभाग में कोषाधिकारी जालोर को प्रभारी अधिकारी व अतिरिक्त कोषाधिकारी संदीप दवे को सहायक प्रभारी तथा चुनाव लेखा अनुभाग में जिला परिषद के वरिष्ठ लेखाधिकारी (परियोजना) को प्रभारी अधिकारी व महिला अधिकारिता विभाग के सहायक लेखाधिकारी-। मीठालाल को सहायक प्रभारी बनाया गया है।

वीडियोग्राफी सेल में सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग जालोर के उप निदेशक को प्रभारी अधिकारी, चुनाव स्टोर ईवीएम/ स्टोर/ मतपेटी/ पीओएल अनुभाग में जिला रसद अधिकारी को प्रभारी अधिकारी एवं आईटीआई जालोर के अधीक्षक व पीएमश्री राउमावि बागरा के पुस्तकालयाध्यक्ष मीठालाल को सहायक प्रभारी नियुक्त किया गया हैं।

नियन्त्रण कक्ष में जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक को, मीडिया प्रकोष्ठ में जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी व आदर्श आचार संहिता अनुभाग में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

इसी प्रकार जालोर उपखण्ड मजिस्ट्रेट को सामान्य व्यवस्था अनुभाग का प्रभारी अधिकारी एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड जालोर के अधिशासी अभियंता व नगर परिषद जालोर के आयुक्त को सहायक प्रभारी अधिकारी तथा चुनाव सांख्यिकी अनुभाग में आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उप निदेशक को प्रभारी अधिकारी व सहायक सांख्यिकी निरीक्षक अरविन्द कुमार को सहायक प्रभारी बनाया गया है। पर्यवेक्षक सेल में जिला परिषद के सहायक अभियंता कुलवन्त कालमा को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

इसी प्रकार डाक मतपत्र अनुभाग में जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी को प्रभारी अधिकारी व जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी वृत जालोर के लेखाधिकारी को सहायक प्रभारी, स्टोर शाखा ईवीएम के लिए जिला रसद अधिकारी को प्रभारी व रसद विभाग की प्रवर्तन अधिकारी श्रीमती नमिता नारवाल को सहायक प्रभारी बनाया गया हैं। वही पुलिस कार्मिकों की व्यवस्था के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जालोर को, आरक्षित मतदान दलों के ठहरने की व्यवस्था के लिए संबंधित पंचायत समिति के विकास अधिकारी को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया हैं। कम्प्यूटर सेल में एनआईसी के प्रभारी तथा चिकित्सा अनुभाग में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया हैं कि नियुक्त किए गए अधिकारी-कार्मिक आवंटित प्रभाव से संबंधित कार्य प्रारंभ कर आपसी समन्वय रखते हुए निर्धारित समय पर सम्पादित करें तथा राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करेंगे।

धनुर्धराचार्य महाराज का सोलहवां पाटोत्सव शुरू

पोकरण, (निसं)। मारुति सेवा सदन आश्रम के संस्थापक एवं प्रसिद्ध संत त्रिदण्डी स्वामी धनुर्धराचार्य महाराज की प्रतिमा स्थापना का 16वां पाटोत्सव बुधवार को गगन वैदिक यजुर्वेद के मंत्रोच्चार के साथ भव्य रूप में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर दूध, दही, पंचामृत एवं गंगाजल से अभिषेक, पादुका पूजन तथा विधिवत पूजा-अर्चना की गई।

पाटोत्सव के शुभारंभ से पूर्व मंगलवार रात्रि को भगत मंडली द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। आश्रम परिसर वैदिक मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन एवं धार्मिक अनुष्ठानों से भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। पाटोत्सव के अंतर्गत धनुर्धराचार्य महाराज की प्रतिमा की विधिवत पूजा-अर्चना, चरण पादुका पूजन, अभिषेक, महाआरती एवं महाप्रसादी का भव्य आयोजन किया गया। पंडित अजय व्यास, पंडित जितेंद्र एवं पंडित डी.पी. महाराज द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संतों एवं पुजारियों ने सभी अनुष्ठान संपन्न कराए, आश्रम परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो उठा।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मारुति सेवा सदन आश्रम के ओम महाराज, बाल संत वेद प्रकाश, नगरपालिकाध्यक्ष मनीष पुरोहित, अधिशासी अधिकारी झाबर सिंह, नगर पालिका प्रतिपक्ष नेता नारायण रंगा, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जुगल किशोर व्यास, समाजसेवी विजयप्रकाश जोशी, मदन सुथार, खेगार सिंह, खीव सिंह राजपुरोहित, गुलाब सिंह चंपावत सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने धनुर्धराचार्य महाराज के जीवन, तपस्या एवं सेवा कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आव्हान किया।

पाटोत्सव के दौरान आश्रम परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड उमडी। दूर-दराज से आए भक्तों ने भजन-कीर्तन, सत्संग एवं धार्मिक आयोजनों में भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजन के चलते पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना रहा,वही दिनभर भक्तों का तांता लग रहा। आयोजकों के अनुसार पाटोत्सव के अंतर्गत आगामी दिनों में प्रवचन, भजन संध्या एवं विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें काफी श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

सफाई के लिए आमरण अनशन पर बैठी पूर्व पार्षद

जोधपुर, (कासं)। जोधपुर शहर में सफाई व्यवस्था नहीं होने का आरोप लगाते हुए नगर निगम की पूर्व पार्षद आमरण अनशन पर बैठ गई। पूर्व पार्षद पूर्व पार्षद खेरून सोलंकी का कहना है कि उनके वार्ड में आधे के करीब सफाई कर्मचारी ड्यूटी से नदारद रहते हैं।

निगम आयुक्त के कमरे के बाहर आमरण अनशन पर बैठी बीजेपी की पूर्व पार्षद खेरून सोलंकी ने बताया कि वार्ड नंबर 87 में जगह- जगह कचरे के ढेर पड़े हैं। नागोरी गेट से लेकर पहाड़गंज कॉलोनी तक पूरे वार्ड में ठीक से सफाई व्यवस्था नहीं हो पा रही है। वार्ड में 22 सफाई कर्मचारी है लेकिन केवल 12 ही काम कर रहे हैं।सीवर लाइन का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है। कोई सुनवाई नहीं हो रही है। सोलंकी ने कहा कि पूरे शहर में यही हाल रहै। कहीं पर भी सफाई नहीं हो रही है।

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा की

बालोतरा, (निसं)। प्रधानमंत्री श्री (पीएम श्री) विद्यालय योजना के अंतर्गत जिले में संचालित विद्यालयों में बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं शैक्षणिक प्रगति को लेकर अतिरिक्त जिला कलक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान की अध्यक्षता में बुधवार को समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में योजना के प्रभावी ियान्वयन, बजट व्यय एवं शैक्षणिक गुणवत्ता सुधार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

अतिरिक्त जिला कलैक्टर चौहान ने निर्देश दिए कि पीएम श्री विद्यालयों में राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप ही बजट राशि का व्यय सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या निर्धारित दिशा-निर्देशों से विचलन स्वीकार्य नहीं होगा। बजट का उपयोग विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं, शैक्षणिक संसाधनों एवं नवाचार गतिविधियों के लिए किया जाए, जिससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके।

उन्होंने सभी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पीएम श्री विद्यालयों की प्रगति की साप्ताहिक आधार पर नियमित मॉनीटरिंग करें। विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण, शिक्षक उपस्थिति, शिक्षण गतिविधियों तथा विद्यार्थियों की सहभागिता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

अतिरिक्त जिला कलक्टर ने कहा कि पीएम श्री योजना केवल भौतिक सुविधाओं के विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शिक्षक व्यवस्था में सुधार, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों के उपयोग तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। योजना के माध्यम से विद्यार्थियों में अकादमिक दक्षता के साथ-साथ कौशल विकास, नैतिक मूल्यों एवं नवाचार की भावना को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे योजना के उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करते हुए समयबद्ध रूप से सभी गतिविधियों को पूर्ण करें, ताकि पीएम श्री विद्यालय जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का आदर्श मॉडल बन सकें।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी देवाराम प्रजापत ने प्रधानमंत्री श्री (पीएम श्री) विद्यालय योजना के 22 पेरामीटर पर विस्तर से चर्चा करते हुए सभी मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश प्रदान किये कि वे सभी विद्यालयों का समय समय पर भ्रमण करें। सभी गतिविधियों का समय पर आयोजन हो सुनिश्चित करें।

विश्व कैंसर दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम हुए

पाली, (नि.सं.)। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर बुधवार के पाली शहर सहित जिले भर में आमजन को कैंसर के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला मुख्यालय पर जागरूकता रैली निकाली गई, रक्तदान शिविर आयोजित किया गया तथा विशेषज्ञों की संगोष्ठी का आयोजन हुआ।

सीएमएचओ डॉ विकास मारवाल ने बताया कि कार्यक्रम के तहत आयोजित अस्पताल से निकाली गई रैली को राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ दिलीप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर बांगड़ अस्पताल के अतिरिक्त अधीक्षक डॉ आरके बिश्नोई, कैंसर सेल के प्रभारी डॉ विकास जैन सहित कई चिकित्सक व अधिकारी उपस्थित थे। जागरूकता रैली में स्वास्थ्यकर्मी, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से कैंसर की रोकथाम, समय पर जांच एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

बांगड़ अस्पताल में ही बुधवार को विश्व कैंसर दिवस पर एनसीडी सेल में ओपीडी के समय में स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ विकास जैन ने कैंसर के मरीजों की स्क्रीनिंग कर उपचार दिया गया। इसमें नर्सिंग ऑफिसर सुमन वैष्णव व इंद्रा बावल का सहयोग रहा।

बांगड अस्पताल में पैथोलॉजी विभाग की ओर से रक्तदान शिविर लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं एवं समाजसेवियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ मांगीलाल सीरवी द्वारा रक्तदान के महत्व एवं इसके सामाजिक लाभों की जानकारी दी गई।

सार-समाचार

संविदा नियुक्ति के खिलाफ प्रदर्शन

जैसलमेर, (नि.सं.)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (उच्च शिक्षा) के आहवान पर बुधवार को जिले के प्राध्यापकों और शिक्षाविदों ने राजसेस महाविद्यालयों में संविदा नियुक्तियों के विरोध में स्वर मुखर किए। महासंघ ने राज्य सरकार द्वारा कॉलेज शिक्षा में लागू की जा रही संविदा व्यवस्था को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विरुद्ध बताते हुए तत्काल रोक लगाने की मांग की है। विरोध प्रदर्शन के दौरान महासंघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर सरकार की नीतियों के प्रति अपना आक्रोश व्यक्त किया। जिला कलेक्टर प्रतापसिंह के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि वर्तमान चयन प्रक्रिया न केवल युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है, बल्कि यह उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को भी रसातल में ले जाने वाली है। महासंघ के जिलाध्यक्ष डॉ. श्यामसुंदर मीणा ने बताया कि राजसेस योजना के तहत संचालित महाविद्यालयों का वर्तमान स्वरूप और संचालन प्रणाली राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों के विपरीत है। इन कॉलेजों में स्थायी अकादमिक ढांचे का अभाव है, शोध और नवाचार की कोई संभावना नहीं है और अपर्याप्त संसाधनों के भरोसे नए विषय घोषित किए जा रहे हैं।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने ज्ञापन दिया

जालोर, (कासं)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान उच्च शिक्षा की इकाई राजेन्द सूरि कुन्दन जैन राजकीय महिला महाविद्यालय जालोर की ओर से विभिन्न मांगो को लेकर बुधवार को मुख्यमंत्री, राज्यपालएवं प्रधानमंत्री के नाम जिला कलक्टर, जालोर को ज्ञापन सौंपा। इकाई सचिव डॉ. पीपाराम ने बताया कि महासंघ ने बताया कि राज-सेस योजना के अन्तर्गत संचालित महाविद्यालयों/ विषयों के संबंध में गठित सोडाणी समिति की सिफारिशों को अविलम्ब लागू किया जाये। राज्य में संचालित सभी 374 राज-सेस महाविद्यालयों को सामान्य राजकीय गहाविद्यालयों के रूप में संचालित करने के स्पष्ट एवं तत्काल आदेश जारी किए जाएं, जिससे राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बडे एवं बहुविषयक उच्च शिक्षा संस्थानों का विकास संभव हो सके। भर्ती परीक्षा कॉलेवर-2026 के कमांक 41 पर अंकित संविदा टीचिंग एसोसिएट एवं अशैक्षणिक संवर्गों की चयन/नियुक्ति प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रोका जाए।

निंबेश्वर महादेव पशु मेले का पोस्टर जारी

पाली, (नि.सं.) जिला कलैक्टर एल.एन. मंत्री ने बुधवार को कलैक्टर कार्यालय में 13 से 17 फरवरी तक सांडेराव में आयोजित होने वाले निंबेश्वर महादेव पशु मेले के पोस्टर का विमोचन किया। इस अवसर पर जिला कलैक्टर मंत्री ने मेले के सफल आयोजन के लिए संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने पशुपालकों से अधिक से अधिक संख्या में मेले में सहभागिता करने का आहवान करते हुए कहा कि यह मेला क्षेत्र के पशुपालकों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। प्रशिक्षु आईएएस बिरजू गोपाल, अतिरिक्त जिला कलक्टर ओम प्रभा, डॉ. ताराचंद मीणा, पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ. मनोज पंवार, डॉ. संजय रोठे, डॉ. मोहम्मद नूर, महेन्द्र सिंह, प्रमोद राव, जितेन्द्र, तरुण शर्मा, प्रकाश, डॉ. महेन्द्र पंवार, तखत सिंह एवं अमित चौहान आदि उपस्थित रहे।

जैसलमेर में अमीन पठान का स्वागत

जैसलमेर, (नि.सं.)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अमीन पठान के जैसलमेर आगमन पर जिला कांग्रेस कमेटी जैसलमेर द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में उनका स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अमरदीन फकीर के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अमीन पठान का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व जिला प्रमुख अंजना मेघवाल सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, अग्रिम संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पठान ने कहा कि खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का सशक्त माध्यम है और कांग्रेस पार्टी प्रदेश में खेल एवं खिलाड़ियों के हितों के लिए लगातार संघर्ष कर रही है। उन्होंने संगठन को मजबूत करने तथा खेल प्रकोष्ठ को जमीनी स्तर तक सक्रिय करने पर जोर दिया।

सुनिश्चित कीजिए उनकी मुस्कुराहट
प्लस सुरक्षा
पेश है
एलआईसी का
प्रोटेक्शन प्लस
विशेषताएँ:
आपकी आवश्यकताओं के अनुसार अनेक निवेश फंड विकल्प उपलब्ध
अपनी जोखिम बीमा-सुरक्षा बढ़ाएँ, टॉप अप प्रीमियम भुगतानों के साथ
आयु एवं अवधि के अनुसार उच्च बीमा राशि चुनने का विकल्प
5 वर्ष बाद आंशिक निकासी की अनुमति
प्लान सं.: 886 यूआईएन: 512L361V01
एक नॉन-पार, लिंक्ड, जीवन, व्यक्तिगत, बचत प्लान
ऑनलाइन भी उपलब्ध
हमारा वॉट्सएप नं. 8976862090
कहिए 'Hi'
अधिक जानकारी के लिए आप अपने बीमा एजेन्ट/नज़दीकी एलआईसी शाखा से संपर्क करें
विज़िट करें: www.licindia.in
डाउनलोड करें एलआईसी मोबाइल ऐप LIC digital
विज़िट करें: licindia.in
कॉल सेन्टर सर्विस (022) 6827 6827
हमें यहाँ फॉलो करें: LIC India Forever
IRDAI Regn No.: 512
LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
हर पल आपके साथ
LIC/P1/2025-26 /20/Hin
धोखेधड़ी वाले फ़ोन कॉल्स तथा झूठे/भ्रामक प्रस्तावों से सावधान रहें. आईआरडीएआई या इनके कर्मचारी बीमा व्यवसाय जैसे कि बीमा पॉलिसियों की बिक्री, बोनस की घोषणा या प्रीमियम्स के निवेश, राशियां लौटाना जैसी कोई भी गतिविधियों में शामिल नहीं होते हैं. जिन पॉलिसीधारकों या संभावित ग्राहकों को ऐसे फ़ोन कॉल्स मिलें, वे कृपया पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज करें. कृपया बिक्री के समापन से पहले बिक्री पुस्तिका को ध्यान से पढ़ लें.
लिंक्ड इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्सभिन्न होते हैं पारंपरिक इंश्योरेन्स प्रोडक्ट्स से तथा उनके साथ जोखिम घटक होते हैं.
लिंक्ड इंश्योरेन्स पॉलिसियों में अदा किए गए प्रीमियम पूंजी बाजार तथा सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स से जुड़े निवेश जोखिम होते हैं. फ़ंड की कार्यकुशलता तथा पूंजी बाजार/सार्वजनिक रूप से उपलब्ध इंडेक्स को प्रभावित करने वाले घटकों के आधार पर युनिट्स के एनएवीज़ घट-बढ़ सकते हैं तथा बीमित व्यक्ति अपने निर्णयों के लिए जिम्मेदार होगा.
भारतीय जीवन बीमा निगम/लाइफ़ इंश्योरेन्स क